तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, बुधवार 20 नवंबर 2024



11 धान की खरीदी करने सुनिश्चित करें सभी जरूरी उपाय ...





12 खामतराई में लगा आयुष स्वास्थ्य मेला 350 लोगों ...







Shri Gopala HOSPITAL

श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल

रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी

सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल



बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध



24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज



बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा

सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध


## खबर संक्षेप

### विद्यार्थियों को निरंतर अच्छे कार्य के लिए प्रोत्साहित करने प्रतिमाह पुरस्कार



**डौंडीलोहारा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संजारी के व्याख्याता शिवेन्द्र बहादुर ने अपने विद्यालय के विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन व प्रोत्साहन के लिए प्रतिमाह होनहार व अलग-अलग विधा में बेहतर कार्य करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत करने का नवाचार अपनाया है। उनका मानना है कि इससे बच्चों में बेहतर करने के गुण का विकास किया जा सकता है। बच्चे स्वभाव से क्रियेटिव सोच के साथ आगे बढ़ते हैं। उनके हुनर को एक मंच की आवश्यकता होती है। विद्यालय में बच्चे नित नया सीखने का प्रयास करते हैं। बच्चों को उनके बेहतर कार्यों के लिए शिक्षक द्वारा प्रोत्साहित करना अति आवश्यक है। व्याख्याता शिवेन्द्र बहादुर द्वारा पढ़ाई के लिए मेरे घर में मेरा कोना प्रतियोगिता के तहत सभी प्रतिभागी बच्चों के लिए प्रोत्साहन पुरस्कार नवाचार चलाया गया था, जिसमें बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया था। वे नेवता भोज को भी नागरिकों के स्कूलों के साथ जुड़ाव के लिए बेहतर योजना मानते हैं।

### जिला स्तरीय साहू युवक युवती परिचय सम्मेलन 8 को

**डौंडीलोहारा।** जिला साहू संघ बालोद के तत्वावधान में जिला स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन व सामाजिक वैवाहिक परिचायिका तैलिक ज्योति का विमोचन 8 दिसंबर को जिला साहू सदन बालोद में दोपहर 12 बजे से रखा गया है। प्रदेश आईटी प्रकोष्ठ संगठन सचिव शिवेन्द्र बहादुर साहू ने बताया कि प्रतिवर्ष जिला साहू संघ बालोद द्वारा उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इससे स्वजातीय युवक-युवतियों को एक मंच प्राप्त होता है। उन्होंने बताया कि तैलिक ज्योति पत्रिका में पंजीयन की अंतिम तिथि 24 नवंबर निर्धारित है।

### भाठागांव बी में श्रीमद् भागवत कथा आज से

**बालोद।** ग्राम भाठागांव बी में जिला कार्यकारिणी सदस्य भाजपा जिला बालोद व पूर्व अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज माहुद बी दोषण लाल साहू द्वारा अपनी माता शांतिदेवी साहू, पिता सुभेलाल साहू एवं भ्राता भूषण लाल साहू की स्मृति में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 20 से 26 नवंबर तक गौठान दैहान बस स्टैण्ड भाठागांव बी में किया गया है। कथावाचक संत राजीवनयन महाराज होंगे। कथा के दौरान संजीव नयन भजन प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत 20 नवंबर को 101 मंगल कलश की भव्य शोभायात्रा के साथ होगी। इसी दिन गणेश पूजन कर श्रीमद् भागवत महात्मय कथा दोपहर 1 बजे से शुरू की जाएगी। 21 नवंबर को शुकदेव जन्म एवं परीक्षित संवाद, 22 को कपिल भक्ति संवाद एवं ध्रुव चरित्र, 23 को जड़ भरत, गजेन्द्र मोक्ष, वामन अवतार, नरसिंह अवतार एवं श्री कृष्ण अवतार की कथा होगी। 24 नवंबर को कृष्ण बाल लीला, गिरीराज एवं छप्पन भोग, 25 को महारास लीला, उद्धव चरित्र एवं श्री कृष्ण रूखमणी विवाह तथा 26 नवंबर को सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, तुलसी वर्षा एवं चढ़ौत्री होगी।

**धान खरीदी :** शिकारीटोला (कुसुमकसा) धान खरीदी केंद्र में मंगलवार को दिखी भारी अव्यवस्था

# उपार्जन केंद्र का दरवाजा नहीं खुलने से सड़क पर लगी वाहनों की लंबी कतार

**सुबह धान से भरे वाहनों के साथ पहुंचे थे किसान 8 बजे तक नहीं खुला था ताला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की महत्वपूर्ण योजना के प्रारंभ होने के तीन-चार दिनों में व्यवस्था बिगड़ने लगी है। इससे लगता है कि सोसायटी के अधिकारी धान खरीदी केंद्र शिकारीटोला (कुसुमकसा) में शासन की योजना पर पलीता लगाने में लगे हैं।

- बहुत देर बाद ताला खुलने पर भीतर पहुंची गाड़ियां, वहां जगह को लेकर करनी पड़ी जद्दोजहद

धान खरीदी के लिए तौलक, धान भरे बोरे की सिलाई करने तथा सिलाई किए गए बोरों को चबूतरों पर छल्ली लगाने के लिए पर्याप्त मजदूरों की व्यवस्था नहीं करने के कारण सोमवार को खरीदे गए धान की सैकड़ों बोरियों की सिलाई नहीं हो पाई थी। वहीं सिलाई किए बोरों को चबूतरों पर छल्ली नहीं किए जाने से ऐसे ही पड़ा हुआ था। धान खरीदी केंद्र शिकारीटोला के भवन के बाहर समिति प्रबंधक सहित धान खरीदी के नोडल अधिकारी, जिला के अधिकारियों का मोबाइल नंबर चस्पा नहीं होने के कारण धान बिक्री करने आए किसान अपनी समस्या किसे बताएं, इसे लेकर परेशान दिखे। मंगलवार को 60 पजीकृत किसानों ने लगभग 2700 क्विंटल धान बिक्री का टोकन कटाया था। वहीं, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति कुसुमकसा के धान खरीदी केंद्र शिकारीटोला में मंगलवार की सुबह लगभग 8 बजे तक मुख्य द्वार का ताला नहीं खुलने से धान बेचने के लिए पहुंचे किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। दरवाजा नहीं खुलने के कारण सभी बाहर ही रहे। ऐसे में मुख्य द्वार के दोनों तरफ धान से भरे ट्रैक्टर, पिकअप, मेटाडोर की कतार लग गई थी। किसान अलसुबह पांच बजे से ही धान बिक्री करने के लिए वाहनों में धान भरकर पहुंचे थे। धान बिक्री करने आए किसान परिवार के साथ मजदूर भी लेकर आए थे ताकि धान की तौलाई जल्दी हो जाएगी, तो जल्दी घर आ जायेंगे। किसानों के साथ आए मजदूर भी धान बिक्री करने में अधिक समय लगने पर डबल मजदूरी की मांग किसानों से करने लगे। सैकड़ों की संख्या में किसान मजदूर शासन की धान खरीदी की अव्यवस्था को लेकर जमकर भड़ास निकाली। किसानों का कहना था कि धान खरीदी चालू होने के तीन दिनों में ही व्यवस्था गड़बड़ाने लगी है, तो आगे क्या होगा। एक दो स्थान पर किसान ही तौलाई कर रख रहे थे, जिससे कर्मचारियों की कमी नजर आई।

**खास बातें**

- एक दिन पहले खरीदे गए धान से भरी बोरियों की नहीं हुई थी सिलाई
- सीली जा चुकी बोरियों को भी छल्ली में नहीं लगाए जाने से बढ़ी समस्या





### प्रबंधक से चर्चा के बाद खुलवाया दरवाजा

इस बीच किसी ने पूर्व जनपद सदस्य अनिल सुथार को मोबाइल से धान खरीदी केंद्र के मुख्य द्वार का ताला ना खुलने से हो रही परेशानी की जानकारी दी। इस पर श्री सुथार धान खरीदी केंद्र शिकारीटोला पहुंचे और किसानों से चर्चा की। उसके बाद समिति प्रबंधक से चर्चा कर मुख्य द्वार पर लगे ताले को खुलवाया। उसके बाद धान से भरे वाहन धीरे-धीरे परिसर में पहुंचे, जहां जगह देखकर किसानों ने धान उतरवाया गया। शासन प्रशासन से धान खरीदी केंद्र में हो रही अव्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की है।



### सुबह से शाम तक नहीं आया नंबर, किसान परेशान

उधर, परिसर में धान बिक्री आए अनेक किसानों को धान बेचने में सुबह से शाम तक का समय लग गया। वहीं, कुछ लोगों का नंबर नहीं आया था। इस पर धान बिक्री करने आए किसानों में सोसायटी द्वारा नियुक्त कर्मचारी द्वारा क्रमवार धान नहीं तौलने को लेकर भी विवाद होता रहा।कुछ लोग इलेक्ट्रानिक कांटा को इधर से उधर ले जाने लगे, किंतु धान खरीदी केंद्र में कोई जवाबदार अधिकारी कर्मचारी नजर नहीं आया, जो किसानों की समस्या, विवाद को सुलझा सके।

### वाहन मालिक व किसानों में होता रहा विवाद

धान खरीदी केंद्र का ताला नहीं खुलने से वाहन मालिक व किसानों के साथ तू-तू, मैं-मैं होने लगी थी। वाहन मालिकों का कहना था कि कल रात से वाहन में धान भरकर किसान के घर के पास खड़ा कर दिया था, ताकि सुबह जल्दी उपार्जन केंद्र में धान खाली कर दूसरे काम में जाना था। वाहन मालिकों का कहना था कि आज सुबह जल्दी गाड़ी खाली हो जाती, तो जिनको समय दिया था, उनका काम कर लेते, लेकिन यहीं इतना समय हो गया। अब मेरे काम के नुकसान की भरपाई कौन करेगा। वाहन मालिकों का कहना था कि गाड़ी जहां खड़ी है, वहीं धान खाली कर लो, नहीं तो हो रहे नुकसानी की भरपाई करो। इस तरह का विवाद किसानों और वाहन मालिकों के साथ खूब हुआ। इस बीच धान बिक्री करने आए कलीराम ठाकुर, अमरसिंह साहू, गीता जैन, पुरषोत्तम चुरेंद्र, शंकरलाल कोठारी सहित उपस्थित किसानों ने धान खरीदी की व्यवस्था सुधारने की मांग शासन-प्रशासन से की है।

## हत्या के प्रयास में नाबालिग सहित तीन आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम टेकापार में हत्या के प्रयास करने के आरोप में बालोद पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक विधि से संघर्षरत बालक भी शामिल है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना 2 नवंबर 2024 को रात्रि करीबन 12:15 बजे की है। रामनगर कलामंच के पास ग्राम टेकापार में सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान गांव के खिलेश चिल्ला रहा था, जिसे प्रार्थी सतीश कुमार यादव निवासी टेकापार ने हल्ला करने से मना किया। इस पर खिलेश पटेल और उसके साथी रोहन जोशी और विधि से संघर्षरत बालक तीनों ने धमकी देते हुए सतीश कुमार यादव की लात-घूसों से पिटाई शुरू कर दी। इस बीच खिलेश पटेल ने धारधार हथियार से वार कर चोट पहुँचाया। मामले की रिपोर्ट पर थाना बालोद में धारा 296, 351(2), 118(1), 3(5), पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान प्रार्थी एवं गवाहों के कथन तथा प्रार्थी के डॉक्टरी मुलाहिजा के आधार पर धारा 109 (1) बीएनएस का अपराध घटित होना पाये जाने पर प्रकरण में धारा 109(1) बीएनएस जोड़कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई। आरोपी खिलेश पटेल से पूछताछ करने पर घटना में प्रयुक्त एक थर्माकोल कटर ब्लेड जब्त की गई। इसके साथ ही आरोपी खिलेश पटेल और रोहन कुमार जोशी उर्फ छोटू और विधि से संघर्षरत बालक को गिरफ्तार किया गया।



- ग्राम टेकापार में हुई घटना के मामले में बालोद पुलिस ने की कार्रवाई

**ग्राम पलारी के ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन**

## 30-40 साल से काबिज भूमि से हटाया जा रहा कब्जा, ग्रामीणों ने लगाई न्याय की गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम पलारी के ग्रामीणों ने ग्राम में अतिक्रमण के संबंध में विचार कर उचित कार्रवाई की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

ग्रामीण योगेन्द्र यादव, बलराम, ईश्वर लाल, खेमिन यादव, अनिता यादव, पिकेश्वरी, मुनिता, नीमा साहू भारत लाल तथा ग्रामीणों ने ज्ञापन के माध्यम से कहा है कि ग्राम पलारी ग्रामवासी विगत 30–40 साल से उक्त भूमि पर भवन एवं बाड़ी बनाकर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। संबंधित मकान पर विद्युत और नल जल कनेक्शन हम लोगों के नाम पर लगा हुआ है। हम समस्त लोग कृषि मजदूरी का कार्य करते हैं एवं अत्यंत गरीब परिस्थिति में हैं। वर्तमान सरपंच एवं गौठान समिति के कुछ पदाधिकारी द्वारा विगत चार पांच वर्ष पूर्व हम लोगों को पट्टा दिलवाने के नाम से प्रत्येक परिवार से 20–20 हजार की मांग की थी। लेकिन, हम लोग यह राशि देने में असमर्थ रहे। उसके बाद जनप्रतिनिधियों ने गौठान निर्माण कराने की बात कहते हुए न्यायालय में याचिका दायर कर हम लोगों के जमीन पर से बेदखली की कार्यवाही के लिए याचिका दायर कर निर्माण प्रस्ताव किया गया है। न्यायालय के समक्ष एक पक्षी कार्यवाही हेतु आदेश पारित हुआ है, इसके बारे में नहीं जानते, क्योंकि हमें न्यायालय का आदेश नोटिस नहीं मिला है। कुछ दिन पहले गुरूर तहसीलदार पुलिस बल के साथ में आकर ग्रामीणों के घर, बाड़ी को तुड़वाया, तब पता चला। दो-दो, चार-चार मकान कर हम ग्रामीणों के घरों को तुड़वाया जा रहा है।

हम लोगों के जीवन बसर के लिए कोई आबादी जमीन या मकान शासन द्वारा किसी भी प्रकार का लाभ नहीं दिया जा रहा है। हम लोग अपने छोटे-छोटे बाल बच्चे व कुछ मवेशी पाले हैं। इसलिए हम लोगों के आवेदन पर विचार कर उचित कार्रवाई कर न्याय दिलवाया जाए।



**प्रधानपाठक के साथ सहायक शिक्षक भी बच्चों में विकसित कर रहे परीक्षा की समझ**

## भरदाखुर्द के बच्चों को नवोदय विद्यालय प्रवेश और परख परीक्षा की करवाई जा रही तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

शासकीय प्राथमिक शाला भरदाखुर्द में प्रधानपाठक महेन्द्र कुमार साहू के मार्गदर्शन में नवोदय विद्यालय व परख परीक्षा (नेशनल अचीवमेंट सर्वे) की तैयारी करवाई जा रही है। महेन्द्र कुमार साहू हिंदी विषय व तार्किक प्रश्नों तथा ओएमआर शीट भरने की तैयारी करवाते हैं, तो वहीं पूर्णिमा देशमुख आकृति वाले प्रश्न तथा गणित विषय के प्रश्नों की तैयारी करवाती हैं। पुष्पेन्द्र देशमुख हिन्दी विषय तथा महेन्द्र चन्द्राकर पर्यावरण व आकृति वाले प्रश्नों की तैयारी करवाते हैं एवं उन पर बच्चों की समझ विकसित करते हैं। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार यादव, सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी श्रद्धा ठाकुर व खेमराज साहू, संकुल समन्वयक सुरेश चन्द्राकर, सरपंच राजकुमारी साहू, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चन्द्रभान मेश्राम ने प्रधानपाठक महेन्द्र कुमार साहू व शिक्षक स्टॉफ की सराहना की है।

- विषयवार वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के बताए जा रहे उत्तर





### बच्चों को मिलेगा दूरगामी लाभ

प्रधानपाठक महेन्द्र कुमार साहू ने बताया कि इस तरह की प्रतियोगी परीक्षा में बैठने से बच्चों को दूरगामी लाभ अवश्य मिलेगा। बच्चे परीक्षा शब्द मात्र से ही भयभीत रहते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों का इस परीक्षा में चयन हो या न हो, कोई बात नहीं, लेकिन इस प्रकार की परीक्षा में बैठने से परीक्षा के प्रति झिझक जरूर दूर होगी। वर्तमान समय में सभी प्रकार की प्रतियोगी परीक्षा में ओएमआर शीट का प्रयोग होता है, जिसे भरने में प्रतियोगियों के पसीने छूट जाते हैं। बच्चे अभी से इस प्रकार के परीक्षाओं में सम्मिलित होंगे तो उन्हें ओएमआर शीट भरने में आसानी होगी, विभिन्न प्रकार की परीक्षाएं भी सहज, सरल, आसान लगने लगेंगी तथा बच्चे भावी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार होंगे।

### सालभर पहले सूने मकान का ताला तोड़ा, दो गिरफ्तार

**भिलाई।** सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी करने के मामले में पुलिस एक युवक को गिरफ्तार किया है। इकके साथ एक अपचारी बालक भी पकड़ा गया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि ग्राम उमरपोटी नरेन्द्र कुमार भारती अपने घर में ताला जड़कर परिवार के साथ पुत्री के पास बिलासपुर गया था। घर वापस लौटने पर मकान का सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। सोने चांदी के जेवरात व नगदी 4 हजार रुपए गायब मिले। इसके अलावा उमरपोटी निवासी मो. रफीक के मकान से भी सोना चांदी के जेवरात,मोबाईल फोन नगदी कुल 60 हजार रुपए का सामान चोरी हुआ था। मुखबिर की सूचना मिली कि स्टेशन मरोदा निवासी गौरव उर्फ आशु यादव और अपचारी बालक सोना चांदी के जेवरात बेचने ग्राहक की तलाश कर रहे थे। गौरव यादव उर्फ आशु ने स्वीकार किया। उक्त दोनों चोरी दोस्त के साथ मिलकर की।


हरिभूमि

पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप

### जिले से बॉडी बिल्डर की चयन स्पर्धा आज

**रायपुर।** उज्जैन में 1 दिसंबर को वेस्टर्न इंडिया बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। इस चैंपियनशिप के लिए रायपुर जिले से बॉडी बिल्डर का चयन 20 नवंबर को ताम्रकार प्लेटिनम फिटनेस जिम लाखेनगर चौक में रात्रि 8.30 बजे रखा गया है। रायपुर जिला बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के सचिव मानिक ताम्रकार ने बताया कि इस चयन प्रतियोगिता में रायपुर जिले के सभी बॉडी बिल्डर महिला पुरुष भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता विभिन्न वजन वर्गों के आधार पर किया जाएगा।

### आईएमए के चिकित्सकों ने की वृद्धजनों की सेवा

**दुर्ग।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन दुर्ग के चिकित्सकों द्वारा रविवार को वृद्ध आश्रम दुर्ग के वृद्धजनों के लिए निःशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप एवं दवाई वितरण का कार्यक्रम किया गया। आई एम ए हेड क्वार्टर के केयर आफ एल्डरली प्रोजेक्ट के तहत यह सेवा समय-समय पर दी जाती है। आई एम ए दुर्ग के अध्यक्ष डॉ राजू भैंसारे ने बताया कि वृद्धजनों के शारीरिक जांच के अलावा उनके साथ बैठकर बातचीत कर काउंसलिंग भी की गईं तथा उनसे घुल मिलकर खुश रहने हेतु प्रेरित किया गया। उन्हें फल, बिस्किट, जूस, हेयर टॉनिक, टोस्ट, ब्रेड आदि भी वितरित किया गया। ब्लड प्रेशर एवं शुगर की जांच कर कुछ लोगों को रजिस्टर्ड कर अस्पताल में भी अन्य जांच हेतु बुलाया गया है। शिविर में डॉक्टर अजय गोवर्धन वरिष्ठ चिकित्सक, डॉ संतोष नशीने सेक्रेटरी आई एम ए, नेफ्रोलॉजिस्ट सेक्टर 9 अस्पताल, उमेश यादव एवं अन्य ने सेवाएं दी ।

### रसमड़ा से 14 एवं गनियारी से 5 कार्यकर्ता सक्रिय सदस्य बने

**दुर्ग।** प्रदेश एवं जिला के निर्देश पर अंजोरा मंडल भाजपा के अंतर्गत रसमड़ा शक्ति केंद्र की बैठक यादव भवन में प्राथमिक सदस्यता संयोजक एवं सक्रिय सदस्यता प्रभारी मुकेश माडले की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें रसमड़ा एवं गनियारी के 19 वरिष्ठ युवा एवं महिला कार्यकर्ताओं ने सक्रिय सदस्यता ग्रहण किया। जिसमें रसमडा से रूपेश कुमार यादव, गरीबा राम टांडी, भगवानी साहू, सोहन निर्मलकर, बैकुण्ठो रावत, किशन यादव, संतोष निर्मलकर, महेश यादव, ओंकार राजपूत, महेन्द्र, सोनू यादव, विनोद राजपूत, समीर यादव, श्रीमति ममता राजपूत, कु तारा शर्मा, गनियारी से भूभारती साहू, श्रीमति दानेश्वरी साहू, किर्तन साहू लाभचंद साहू, पितांबर साहू, शामिल हैं। बैठक में सुखदेव देवांगन, गिरेश्वर देशमुख, ओंकार देवांगन, रामखिलावन यादव, विनोद साहू, पुष्पा सिंह, मीना यादव आदि शामिल थे।

### घनश्याम कॉलेज में युवा उत्सव का आयोजन



**दुर्ग।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के आदेशानुसार युवा उत्सव 2024-25 के तहत घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय दुर्ग में विगत दिनों तीन दिवसीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के छात्राओं ने आकर्षक प्रस्तुति के द्वारा युवा उत्सव कार्यक्रम को सफल बनाया। इस कार्यक्रम में समुह नृत्य, एकल नृत्य, रंगोली, मेहंदी, पोस्टर, ऑन द स्पॉट पेंटिंग, क्वीज, तत्कालिक भाषण, और कोलाज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें समुह नृत्य में वंदना एवम ग्रुप, रंगोली में तोमेश्वरी ठाकुर, मेहंदी में प्राची जाटव, पोस्टर में नंदिनी तांडी, कोलाज में तोमेश्वरी ठाकुर,ऑन द स्पॉट पेंटिंग में श्रद्धा राजपूत, तत्कालिक भाषण में काव्यशिखा, क्वीज में मोनिका साहू एवं कोमल पोंगल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। युवा उत्सव प्रतियोगिता में आभा रानी गुप्ता, दिग्विजय सिंह गुप्ता, डॉ नागेन्द्र शर्मा, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मृदुला वर्मा उपप्राचार्य डॉ.नीतू सिंह, विभा शर्मा श्रीमती निशा साहू (हिन्दी विभाग) एवं श्रीमती आस्था सिजारिया (शिक्षा संकाय) ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

# माइक्रो एटीएम से दूर हुई किसानों की परेशानी, उपार्जन केंद्रों में ही मिल जा रही राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य के किसानों के हित में लगातार योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन एवं उनकी सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विशेष पहल की जा रही है। वर्तमान में धान खरीदी महाभियान के अंतर्गत किसानों द्वारा उपार्जन केन्द्रों में धान विक्रय किया जा रहा है।

इस दौरान किसानों को त्वरित रूप से धनराशि उपलब्ध कराने जिले के सभी धान उपार्जन केन्द्रों में माइक्रो एटीएम की सुविधा प्रदान की गई है।

## धान उपार्जन केन्द्रों में 2 से लेकर 10 हजार तक रुपए निकालने की सुविधा



### समय की होती है बचत

माइक्रो एटीएम की सुविधा लेने वाले नया पारा बालोद के किसान दानी साहू ने बताया कि शासन द्वारा दी गई यह सुविधा हम किसानों के लिए काफी मददगार साबित हुई है। उसने बताया कि जब फसल पककर तैयार हो जाती है तो उसे काटने और धान के रूप में उपार्जन केन्द्र तक लाने में काफी व्यस्तता रहती है। ऐसे समय में हमें फसल कटाई के लिए मजदूरों के मजदूरी भुगतान, धान की मिंजाई सहित धान उपार्जन केन्द्र तक धान के परिवहन के लिए भुगतान के लिए रूपए की काफी जरूरत होती है। ऐसे व्यस्त समय में हमें पहले बैंक या दूर स्थित एटीएम का चक्कर लगाना पड़ता था। लेकिन अब उन्हें धान उपार्जन केन्द्र में ही माइक्रो एटीएम की सुविधा मिल जाने से मजदूरी भुगतान, परिवहन हेतु भुगतान सहित अन्य छोटी–छोटी जरूरतों को पूरा करने में काफी सहुलियत मिली है।

माइक्रो एटीएम की सुविधा मिलने से किसानों को अब अपनी जरूरतों के अनुसार धान उपार्जन केन्द्रों में 2 हजार से लेकर 10 हजार रूपये तक की राशि अपने एटीएम कार्ड के माध्यम से निकालने की सुविधा मिल रही है।

धान उपार्जन केंद्रों में माइक्रो एटीएम की सुविधा मिलने से जिले के किसान काफी खुश हैं उन्हें अपनी छोटी–छोटी जरूरतों को पूरा करने हेतु राशि निकालने के लिए बैंक का चक्कर नही लगाना पड़ रहा है। उन्हें उपार्जन केन्द्र में ही आसानी से राशि प्राप्त हो पा रही है।

## कलेक्टर ने राजस्व, सहकारिता व खाद्य विभाग के अधिकारियों को दिए निर्देश

# धान की खरीदी करने सुनिश्चित करें सभी जरूरी उपाय : चंद्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य के अंतर्गत पंजीकृत किसानों के वास्तविक रकबे की धान की खरीदी करने के लिए जरूरी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि इस कार्य में त्रुटि एवं गड़बड़ी की गुंजाईश बिल्कुल भी न रहे।

चन्द्रवाल संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में राजस्व, सहकारिता, खाद्य सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य को शासन के विशेष प्राथमिकता वाली योजना है, जिसे ध्यान में रखते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को जिले में इस कार्य को पूरी तरह से पारदर्शिता एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराने के लिए पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने को



कहा। बैठक में कलेक्टर ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य को विशेष सावधानी के साथ पूरा करते हुए धान खरीदी केंद्रों में धान की अवैध बिक्री की रोकथाम के लिए जरूरी उपाय सुनिश्चित करने को कहा।

### विभागवार कार्यों की प्रगति की ली जानकारी

बैठक में चन्द्रवाल ने बारी–बारी से विभागवार कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इसके अंतर्गत उन्होंने जल जतन योजना के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर चन्द्रवाल ने जल जतन योजना अंतर्गत जन चौपाल एवं जन जागृति के माध्यम से आम जनता को जल संरक्षण एवं पानी के बचत के उपायों की जानकारी प्रदान करने के निर्देश दिए।

चन्द्रवाल ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए जिला चिकित्सालय में अग्निशमन यंत्र की समुचित व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली।

उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को अस्पताल में अग्निशमन यंत्र को पूरे समय क्रियाशील रखने तथा इनका समुचित रखरखाव के भी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय बालोद में मोतियाबिंद ऑपरेशन के कार्यों के संबंध में जानकारी ली तथा अस्पताल में मोतियाबिंद का ऑपरेशन शीघ्र शुरू कराने के निर्देश दिए। चन्द्रवाल ने राज्य शासन के निर्देशानुसार विद्यार्थियों के शिक्षा ऋण के प्रकरणों के स्वीकृति के संबंध में जानकारी लेते हुए विद्यार्थियों को विशेष प्राथमिकता के साथ शिक्षा ऋण प्रदान करने के निर्देश दिए। जिले के 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों के लिए कैरियर काउंसिलिंग के आयोजन के संबंध में जानकारी लेते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को इसके लिए विस्तृत कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए।

# एमडी-एमएस की मुख्य परीक्षा के बीच छुट्टी नहीं, जूनियर डाक्टरों ने दर्ज कराई आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ छह से नौ जनवरी के बीच लगातार पेपर, तैयारी नहीं हो पाने का हवाला

मेडिकल कालेजों में स्नातकोत्तर विषय के परीक्षा टाइम टेबल पर आपत्ति आने लगी है। मेडिकल कालेजों में पढ़ने वाले जूनियर डाक्टरो ने डीन के पास शिकायत की है कि इस टाइम टेबल के हिसाब से उन्हें पढ़ने का मौका नहीं मिलेगा। आयुष विवि द्वारा छह से नौ जनवरी के बीच लगातार चारों पेपर लेने का टाइम टेबल जारी किया गया है।

पंडित दीनदयाल स्मृति आयुष एवं स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा एमडी-एमएस की मुख्य परीक्षा के लिए पिछले दिनों समय-सारिणी घोषित की गई है। टाइम टेबल के अनुसार सभी विभाग के चारों पेपर लगातार छह दिन में आयोजित किया जाएगा। टाइम टेबल आने के बाद चिकित्सा छात्रों में इसे लेकर चिंता का दौर शुरू हो गया है। उनके द्वारा सीजी डाक्टर फेडरेशन एवं जूनियर डाक्टर एसोसिएशन के बैनरतले सभी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों के अधिष्ठाताओं को पत्र भेजकर इसके आपत्ति दर्ज कराई जा रही है। विद्यार्थियों का कहना है कि मुख्य परीक्षा के दौरान प्रत्येक पेपर के बीच विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई सहित अन्य तैयारी करने का वक्त दिया जाना आवश्यक है। अभी जिस तरह की समय-सारिणी जारी की गई है, उसके हिसाब से विद्यार्थियों को समय नहीं मिल पाएगा और वे अपने थ्योरी पेपर की तैयारी नहीं कर पाएंगे। उन्होंने सभी चिकित्सा महाविद्यालयों के डीन से निवेदन किया है कि परीक्षा टाइम टेबल पर आपत्ति की जाए।

**15 दिसंबर से आवेदन :** चिकित्सा स्नातकोत्तर की परीक्षा के लिए महाविद्यालयों में आवेदन जमा करने की तिथि 15 दिसंबर निर्धारित की गई है। चिकित्सा छात्र 12 हजार रुपए शुल्क से साथ बीस दिसंबर तक आवेदन कर पाएंगे। इसके बाद संबंधित कालेज 22 दिसंबर तक विश्वविद्यालय में आवेदन जमा कर सकेंगे।

## स्वामी आत्मानंद स्कूल निपानी में शुरू हुई समेटिव असेसमेंट परीक्षा...



**लाटाबोड़।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय निपानी में मंगलवार से समेटिव असेसमेंट प्रथम की परीक्षा प्रारंभ हुई। परीक्षा प्रभारी किरण ने बताया कि परीक्षा 26 नवम्बर तक चलेगी। उन्होंने बताया कि प्रश्न पत्र बोर्ड परीक्षा के सिलेबस के अनुसार बनाया गया है, ताकि विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा के बारे में जानकारी हो सके। वहीं, परीक्षा को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए पर्यवेक्षक के रूप में शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है।

# बृजमोहन ने यातायात सुधारने अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में यातायात को सुगम बनाने और सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से सोमवार को सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने नगर निगम, पीडब्ल्यूडी और एनएचएआई के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक में रायपुर में प्रस्तावित और चल रही कई बड़ी परियोजनाओं पर चर्चा की गई। श्री अग्रवाल ने 600 करोड़ रुपये की लागत से सरोना चौक, उद्योग भवन चौक, तेलीबांधा चौक और 400 करोड़ रुपये की लागत से धनेली जंक्शन पर प्रस्तावित फ्लाईओवर पर प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने राजधानी रायपुर के बढ़ते ट्रैफिक दबाव को ध्यान में रखते हुए यातायात समस्या के समाधान के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करने पर जोर दिया। बैठक में 3,500 करोड़ रुपये की लागत से 186 किलोमीटर लंबे रायपुर-बलौदाबाजार-सारंगढ़ हाईवे और 5,600 करोड़ रुपये की लागत से 228 किलोमीटर लंबे धमतरी-जगदलपुर हाईवे को चौड़ा कर चार लेन का बनाने की कार्ययोजना की जानकारी भी ली गई। श्री अग्रवाल ने कहा, राजधानी में ट्रैफिक का बढ़ता दबाव और रिंग रोड नंबर 5 पर सड़क दुर्घटनाएं गंभीर चिंता का विषय है। इन समस्याओं के समाधान के लिए रिंग रोड के किनारे 11 मीटर चौड़ी सर्विस लेन निर्माण और तेलीबांधा से ताटीबंध तक एलिवेटेड रोड बनाने की कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं।


# परिवार की अचल संपत्ति में दान, हक त्याग और बंटवारा में केवल 500 रुपए शुल्क स्वागत योग्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

■ प्रदेश सरकार के नए निर्णय का क्षेत्र के भाजपा नेताओं ने किया स्वागत

प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा परिवार की अचल संपत्ति में दान, हक त्याग एवं बंटवारा में लगने वाले 0.8 प्रतिशत पंजीयन शुल्क को खत्म कर स्थायी 500 रूपए शुल्क तय करने के निर्णय से क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है। प्रदेश सरकार के इस निर्णय का क्षेत्र के भाजपा नेताओं ने स्वागत किया है। उन्होंने इसे प्रदेश की 3 करोड़ जनता के लिए ऐतिहासिक व पारिवारिक संबंधों को प्रगाढ़ करने वाला बताया है। भाजपाईयो ने कहा कि इससे प्रदेश के गरीब से लेकर अमीर व्यक्ति सभी को लाभ होगा। इससे परिवार में संपत्ति को लेकर आपसी सामंजस्य एवं प्रेम का संचार होगा।

### साय सरकार ने समझी परिवार की पीड़ा : यशवंत



राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग नई दिल्ली के पूर्व सदस्य यशवंत जैन ने कहा कि दान, बंटवारा, हक त्याग परिवार के सदस्यों के मध्य होता है। पहले अपने ही परिवार के सदस्यों को उनके हक की संपत्ति देने पर भारी भरकम पंजीयन शुल्क लगता था। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने परिवार की इस पीड़ा को समझा है। इस निर्णय से परिवार के सदस्य आपसी सहमति से आसानी से कार्य कर सकेंगे।

### साय सरकार का साहसिक कदम : राकेश



भाजपा के पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ परिवार के मुखिया ने परिवार की पीड़ा को समझा व उसे दूर करने के लिए साहसिक कदम उठाया है। यह जनता के प्रत्येक परिवार को सीधे लाभ पहुंचाने वाला निर्णय है। इससे भाई-बहन, माता-पिता, दादा-दादी का आपसी संबंध प्रगाढ़ होगा।

### प्रदेश का हर वर्ग लाभान्वित होगा : चेमन



जिला भाजपा महामंत्री चेमन देशमुख ने कहा कि इस निर्णय से प्रदेश सरकार को करोड़ों के राजस्व की हानि होगी, लेकिन इससे प्रदेश में निवास करने वाले नागरिकों के परिवार में आर्थिक समृद्ध आएगी। दान, हक त्याग एवं बंटवारा जैसे कार्य परिवार में ही होते हैं। इस निर्णय से प्रदेश का हर वर्ग लाभान्वित होगा।

### परिवार की होगी आर्थिक प्रगति : पुष्पेंद्र



जिला पंचायत सदस्य पुष्पेन्द्र चन्द्राकर ने कहा कि ग्रामों में आर्थिक अभाव के कारण परिवार की आपसी सहमति बिना विवाद के बंटवारा, हक त्याग, दान जैसे कार्यों में भारी भरकम पंजीयन शुल्क के कारण यह कार्य नहीं हो पाता था। इससे परिवारिक कार्य बाधित होते थे। भाजपा सरकार के इस निर्णय से परिवार का प्रमुख आसानी से बंटवारा कर सकेगा, अपने प्रियजनों को दान दे सकेगा या हक त्याग कर सकेगा। इससे परिवार की आर्थिक प्रगति होगी।

### समय व धन की होगी बचत : नरेश



प्रदेश मंत्री नरेश साहू ने कहा कि भाजपा सरकार के इस निर्णय का लाभ सभी वर्ग समुदाय, अमीर, गरीब सभी को होगा। इससे परिवार की धारणा मजबूत होगी, बिना विवाद के परिवार के सदस्य आसानी से संपत्ति को बंटवारा कर सकेंगे। इससे आमजनता को आर्थिक लाभ के साथ समय की भी बचत होगी। परिवार के लोगों को कार्यालयों का अनावश्यक चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा।

## जिपं सीईओ ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों को दिए निर्देश

# शीघ्र करें लंबित आवासों का निर्माण : डॉ कन्नौजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने सोमवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की महत्वपूर्ण योजना की विकासखण्डस्तरीय बैठक ली।

बैठक में सीईओ डॉ. कन्नौजे ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रागीण, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन की प्रगति के संबंध में विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2016–23 के प्रथम किश्त प्राप्त एवं निर्माणाधीन आवासों के हितग्राहीवार, स्तरवार एवं वित्तीय वर्ष 2024–25 में आबंटित नवीन लक्ष्य के विरुद्ध में प्रथम किश्त प्राप्त



हितग्राहियों के कार्य प्रारंभ एवं प्रगति के संबंध में समीक्षा की। उन्होंने योजनान्तर्गत वर्ष 2016–23 तक स्वीकृत प्रथम विगत प्राप्त अपूर्ण, निर्माणाधीन आवासो तथा द्वितीय एवं तृतीय प्राप्त पूर्णता हेतु लंबित आवासों को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में जिले को आबंटित नवीन लक्ष्य के विरूद्ध में जनपद पंचायत बालोद को प्रदाय कूल लक्ष्य 1991 के विरूद्ध में 1280 आवास स्वीकृत व 717 स्वीकृति हेतु शेष है। स्वीकृति के विरूद्ध में 1210 हितग्राहियों को प्रथम किश्त की राशि आबंटित कर कुल 314 आवासों का ही निर्माण कार्य प्रारंभ कराया गया है। डॉ. कन्नौजे ने 883 अप्रारंभ आवासों को यथाशीघ्र प्रारंभ कराने तथा स्वीकृति हेतु शेष 717 आवासों को यथाशीघ्र स्वीकृति प्रदान करने के निर्देश दिए।

### नियमित रूप से करें स्वच्छता ग्राहियों के मानदेय का वितरण

बैठक में सीईओ कन्नौजे ने महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2023–24 तक के कार्यों को 30 नवंबर 2024 तक पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषि आधारित कार्यों का व्यय के प्रतिशत लक्ष्य अनुसार वित्तीय वर्ष के अंत तक पूर्ण करने एवं पीओ लॉगिन में लंबित सामाजिक अंकेक्षण के प्रकरण को 30 नवंबर 2024 तक अनिवार्यतः विलोपन करने के निर्देश दिए। डॉ. कन्नौजे ने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत निर्माणाधीन कचरा संग्रहण शेड को 10 दिवस के भीतर पूर्ण करने तथा सभी घरों में नियमित रूप से डोर टू डोर कचरा संग्रहण कराये जाने, सभी ग्राम पंचायतों में यूजर चार्ज कलेक्ट करने एवं स्वच्छता ग्राहियों के मानदेय वितरण को नियमित रूप से करने निर्देश दिए। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्व–सहायता समूहों की लोकोस प्रोफाईल एण्ट्री समय–सीमा में पूर्ण कराने एवं बैंक लिंकेज के प्रकरणों को शत–प्रतिशत बैंको में प्रेषित करने के निर्देश दिए।

# शैलदेवी महाविद्यालय में की गई सिकल सेल जांच




हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शैलदेवी महाविद्यालय अंडा दुर्ग में समाज कार्य एवं विज्ञान विभाग, राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में सिकल सेल शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के लगभग 150 से अधिक छात्र-छात्राओं का सिकल सेल टेस्ट किया गया। उपस्वास्थ्य केंद्र अंडा के आरएचओ मुकेश कुमार एवं नर्स भारती ने सभी छात्र-छात्राओं को सिकल सेल के बारे जानकारी दी। इसके साथ ही इसके कारण भविष्य में होने वाली समस्या के समाधान के तरीके भी बताए।

## खबर संक्षेप



### आईआईटी-जेईई, नीट और पीएससी परीक्षाओं के लिए मिलेगी निःशुल्क कोचिंग

**रायपुर।** पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने पंडरिया विधासनभा के अंतर्गत प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले प्रतिभावान युवाओं के लिए पंडरिया ब्लॉक में पहला निशुल्क कोचिंग सेंटर 1 जनवरी से शुरू करने की घोषणा की है। बताया गया कि कोचिंग सेंटर के लिए पंडरिया शहर में स्थान का चयन भी कर लिया गया है। कोचिंग सेंटर में अनुभवी शिक्षकों द्वारा संयुक्त प्रवेश परीक्षा (आईआईटी-जेईई), राष्ट्रीय पात्रता व प्रवेश परीक्षा (नीट), छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध होगी। विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन के अवसर पर पंडरिया विधायक ने कहा, यह सभी निर्माण कार्य पंडरिया नगर के विकास एवं जनता की सुविधाओं का विस्तार करने में बहुमूल्य भूमिका निभाएंगे।

### अब तक 46 हजार से अधिक किसानों ने बेचा धान

**रायपुर।** प्रदेश में धान खरीदी के दूसरे दिन तक लगभग 2.6 लाख मीटरिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। राज्य के 46967 किसान धान बेच चुके हैं। धान खरीदी का यह महाअभियान 31 जनवरी 2025 तक चलेगा। प्रदेश के विभिन्न जिलों में आज लगभग 1 लाख 12 हजार मीटरिक टन धान की खरीदी हुई है। आज 24582 किसानों ने धान बेचा है। राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष 2739 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी अनुमानित है। आज के लिए 23 हजार से अधिक टोकन जारी खाद्य विभाग के अधिकारियों ने आज यहां बताया कि इस खरीफ वर्ष के लिए 27.68 लाख किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। इसमें 1.42 लाख नए किसान शामिल हैं। सोमवार को 27111 टोकन जारी किए गए थे। मंगलवार के लिए 23791 टोकन जारी किए गए है।

### पांच सलाहकार बोर्ड का गठन

**रायपुर।** राज्य सरकार द्वारा पांच सलाहकार बोर्ड का गठन किया गया है। इन बोर्ड में न्यायमूर्ति नरेंद्र कुमार व्यास, सेवानिवृत्त न्यायाधीश नवल किशोर अग्रवाल और विमला सिंह कपूर को शामिल किया गया है। इन बोर्ड में विशेष जनसुरक्षा अधिनियम सलाहकार बोर्ड, चोर बाजारी निवारण और आवश्यक वस्तु अधिनियम, स्वापक औषधीय और मनः प्रभावी पदार्थ अवैध व्यापार निवारण अधिनियम और राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम सलाहकार बोर्ड, विदेशी मुद्रा संरक्षण और तस्करी निवारण अधिनियम सलाहकार बोर्ड शामिल है।

### सिमगा नगर पालिका गठन की अधिसूचना

**रायपुर।** राज्य शासन द्वारा बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के सिमगा नगर पंचायत को नगर पालिका गठित करने के संबंध में अधिसूचना जारी की गई है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ राजपत्र में इस संबंध में अधिसूचना का प्रकाशन कर दिया गया है। राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार नगर पंचायत सिमगा की सीमाएं ही नगर पालिका परिषद सिमगा की सीमाएं होंगी।

# भाजपा की सदस्यता परीक्षा : अंबिकापुर विस के एक लाख से ज्यादा सदस्य, कोंटा के मात्र 12 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा का सदस्यता अभियान अंतिम चरण पर है। अब तक 54 लाख से ज्यादा सदस्य बन गए हैं। प्रदेश की 90 विधानसभाओं में विधायक राजेश अग्रवाल और सदस्यता अभियान समिति के संयोजक अनुराग सिंहदेव की अंबिकापुर विधानसभा सबसे ज्यादा एक लाख से ज्यादा सदस्य बनाकर पहले स्थान पर है।

राजधानी रायपुर की चार विधानसभाओं में विधायक राजेश मूणत की विधानसभा रायपुर पश्चिम टॉप टेन में शामिल है। दो मंत्रियों ओपी चौधरी और लखनलाल देवांगन की विधानसभाएं भी टॉप टेन में शामिल हैं। सबसे कम सदस्य बनाने के मामले में कोंटा विधानसभा अंतिम स्थान पर है। उसके खाते में 12436 सदस्य हैं। यहां पर भाजपा का विधायक नहीं है।

भाजपा के सदस्यता अभियान में विधानसभा वार तो लक्ष्य तय नहीं किया गया है, लेकिन हर बूथ में दो सौ सदस्य बनाने का लक्ष्य जरूर तय है, इसी के साथ जिलों का भी लक्ष्य तय है। विधायकों के साथ सांसदों का भी लक्ष्य तय किया गया है। सांसदों में तीन ही सांसद जहां 20 हजार सदस्य के लक्ष्य के पार गए हैं, वहीं विधायकों में 11 विधायक दस हजार के लक्ष्य तक नहीं पहुंचे हैं। इसको लेकर राष्ट्रीय संगठन खफा भी है। 22 नवंबर को दिल्ली में होने वाली बैठक में सबकी कुंडली रखी जाएगी।

## राजधानी की पश्चिम विधानसभा टॉप टेन में दसवें नंबर पर

### फिसड्डी विस के विधायक भी फिसड्डी

जो दस विधानसभाएं फिसड्डी साबित हुई हैं, उसमें जहां आधा दर्जन में भाजपा के विधायक नहीं हैं। वहीं जिन चार विधानसभाओं में भाजपा के विधायक हैं, वो भी सबसे कम सदस्य बनने वालों की सूची में हैं। इसमें दंतेवाड़ा के चैतराम अटामी के खाते में महज 832 सदस्य हैं, वहीं अंतागढ़ के विक्रम उसेंडी ने 1034, चित्रकोट के विनायक गोयल ने 4926 और लुंड्रा के विधायक प्रबोध मिंज ने 7488 सदस्य बनाए हैं।

### ये हैं टॉप टेन विधानसभाएं

| | |
|---|---|
| अंबिकापुर | 114118 |
| बिलासपुर | 88236 |
| कुरुद | 75261 |
| वैशाली नगर | 66475 |
| बिल्हा | 66358 |
| पंडरिया | 66229 |
| कोरबा | 65100 |
| दुर्ग शहर | 64862 |
| रायगढ़ | 64588 |
| रायपुर पश्चिम | 61378 |



### दस फिसड्डी विधानसभा

| | |
|---|---|
| कोंटा | 12436 |
| मोहला मानपुर | 14656 |
| बीजापुर | 15349 |
| खुज्जी | 18219 |
| दंतेवाड़ा | 19005 |
| पाली तानाखार | 21677 |
| चित्रकोट | 22600 |
| अंतागढ़ | 23403 |
| लुंड्रा | 24614 |
| रामपुर | 24873 |

### टॉप टेन विधानसभाओं के चार विधायक भी टॉप पर

टॉप टेन विधानसभाओं में एक विधायक राजेश मूणत को छोड़कर जहां सभी ने दस हजार का लक्ष्य प्राप्त किया है, वहीं वैशाली नगर के विधायक रिकेश सेन विधायकों में सबसे ज्यादा सदस्य बनाने में पहले नंबर पर है। इसी के साथ पंडरिया की विधायक भावना बोहरा ने 20 हजार से ज्यादा कोरबा के विधायक और प्रदेश के उद्योग मंत्री लखन देवांगन के खाते में 14 हजार से ज्यादा सदस्य हैं। कुरुद के विधायक अजय चंद्राकर ने भी 13 हजार से ज्यादा सदस्य बनाए हैं।

## मतगणना 23 को : 14 टेबल पर 19 राउंड में होगी गिनती

# ईवीएम की सुरक्षा तीन लेयर में 20 से ज्यादा पुलिस जवान तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के सेजबहार स्थित शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय भवन में ईवीएम मशीनों को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रखा गया है। इसके लिए स्ट्रांग रूम में 3 लेयर में 20 से ज्यादा पुलिस जवानों को तैनात किया गया है। इनमें सीआरपीएफ के जवानों के साथ स्थानीय पुलिस भी शामिल है। इसके अलावा स्ट्रांग रूम के अंदर और बाहर में करीब 56 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनके माध्यम से स्ट्रांग रूम की निगरानी की जा रही है। इधर 23 नवंबर को होने वाली मतगणना के लिए भी प्रशासन द्वारा की जा रही तैयारी भी लगभग अंतिम चरण पर है। मतगणना के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी गई है। गणना के लिए 14 टेबल लगाए जाएंगे, जिनमें करीब 19 राउंड में गिनती होगी। डाकमत पत्रों की गिनती के लिए अलग से दो टेबल लगाए जाएंगे।



### डाकमत पत्रों से होगी गणना की शुरुआत

मतगणना की शुरुआत सुबह 8 बजे डाकमत पत्रों की गणना से होगी। इसके लिए मतगणना स्थल पर दो टेबल लगाए जाएंगे। डाकमत पत्रों की गणना के बाद इसके परिणाम की घोषणा की जाएगी। इसके आधे घंटे के बाद ईवीएम मशीनों की गणना शुरू होगी। जिला निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार ईवीएम मशीनों की गणना के लिए 14 टेबल लगाए जाएंगे। प्रत्येक टेबल पर गणना पर्यवेक्षक, सहायक पर्यवेक्षक एवं एक माइक्रो आब्जर्वर तैनात रहेंगे। इस तरह प्रत्येक टेबल पर गणना के लिए 3 और 14 टेबल पर 42 कर्मचारी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा ईवीएम मशीन टेबल तक लाने व ले जाने के लिए अलग से कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

### बूथ व ईवीएम के सीरियल नंबरों से होगी गिनती

वोटों की गिनती बूथ और ईवीएम मशीनों के सीरियल नंबरों के अनुसार होगी। दक्षिण विधानसभा के लिए 266 मतदान केंद्रों में वोटिंग हुई है। वोटिंग के बाद सभी ईवीएम मशीनों को बूथ और सीरियल नंबरों के अनुसार स्ट्रांग रूम में रखा गया है। मतगणना के दिन वोटों की गिनती भी बूथ और ईवीएम मशीनों की सीरियल नंबरों के अनुसार की जाएगी।

### मोबाइल-शस्त्र, पान-गुटखा बैन, वीआईपी की एंट्री भी नहीं

मतगणना हॉल में मोबाइल के अलावा आईपैड, लैपटॉप, स्मार्ट वॉच, कैमरा, अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण, बीड़ी-सिगरेट व गुटखा ले जाने पर भी बैन लगाया गया है। इसके अलावा मतगणना केंद्र में मंत्री, सांसद, विधायक भी प्रवेश नहीं कर पाएंगे।

### सीसीटीवी के माध्यम से लाइव कवरेज देख पाएंगे लोग

मतगणना का लाइव कवरेज देखने के लिए मतगणना हॉल के बाहर परिसर में सीसीटीवी-एलईडी की व्यवस्था रहेगी। इसके लिए 6 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

### मतगणना की तैयारी हो चुकी

मतगणना के लिए लगभग तैयारी हो चुकी है। गणना के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई दी गई है। पहले डाकमत पत्रों की गिनती होगी। इसके बाद ईवीएम मशीनों की गिनती होगी।

- उमाशंकर बंदे,
जिला उप निर्वाचन अधिकारी

# नक्सल क्षेत्र में सुरक्षा कैंप बनाने का विरोध करने वाला संगठन प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों खासकर बस्तर में सरकार द्वारा लगातार बनाए जा रहे सुरक्षा कैंपों का विरोध करने वालों पर अब शिकंजा कसना शुरू हो गया है। बस्तर क्षेत्र के आदिवासियों को सुरक्षा कैंपों के खिलाफ भड़काकर विरोध करने वाले एक संगठन मूलवासी बचाओ मंच संगठन पर सरकार ने एक साल का प्रतिबंध लगाया है। इस संबंध में गृह विभाग ने आदेश जारी किया है।

नक्सल प्रभावित छत्तीसगढ़ के बस्तर में राज्य शासन द्वारा नागरिकों की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के इरादे से लगातार सुरक्षा कैंपों का निर्माण किया जा रहा है। राज्य सरकार ने प्रभावित इलाकों में 29 नए कैंप बनाने की ओर कदम बढ़ाया है। दूसरी ओर नक्सलियों के समर्थन में नागरिकों की आड़ में सुरक्षा कैंपों का लगातार विरोध कर रहे हैं। बस्तर के कई क्षेत्रों में पिछले साल-दो साल के बीच लंबे समय तक आंदोलन भी करवाए गए हैं। पुलिस और सरकार का मानना है कि इस विरोध प्रदर्शन के पीछे नक्सलियों का हाथ है, लेकिन वे सामने नहीं आते। उनके मुखौटे के रूप में अलग-अलग नामों से चलाए जा रहे संगठन विरोध को हवा देने का काम कर रहे हैं। इस सिलसिले में सरकार ने अब एक ऐसे ही संगठन मूलवाली बचाओ मंच संगठन को निशाने पर लिया है।

### लगाया एक साल का प्रतिबंध

इस संबंध में राज्य सरकार के गृह विभाग ने एक अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना में कहा गया है कि , राज्य सरकार को सूचनाएं प्राप्त है कि मूलवासी बचाओ मंच संगठन केन्द्र एवं राज्य सरकारों द्वारा माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में चलाये जा रहे विकास कार्यों तथा इन विकास कार्यों के संचालन हेतु निर्माण किये जा रहे सुरक्षा बल के कैंपों का लगातार विरोध करने तथा आम जनता को उसके विरुद्ध उकसाने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही न्याय प्रशासन में हस्तक्षेप करते हुए एवं विधि द्वारा स्थापित सस्थाओं की अवज्ञा को बढ़ावा देते हुए तथा उनके द्वारा लोक व्यवस्था, शांति में बाधा एवं नागरिकों की सुरक्षा में खतरा उत्पन्न किया जा रहा है, जो कि राज्य की सुरक्षा के प्रतिकूल है। इसलिए मूलवासी बचाओ मंच के संबंध में, राज्य सरकार का समाधान हो गया है कि ऐसे संगठन को विधि विरूद्ध संगठन घोषित करना आवश्यक है।

# भाजपा का संगठन चुनाव आज से, पहले बनेंगी बूथ कमेटियां

पहले दो दिन मंडलों में होगी कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा में संगठन चुनाव की तैयारी प्रारंभ हो गई है। इसके लिए सभी जिलों में चुनाव अधिकारियों के बाद अब मंडलों में भी चुनाव अधिकारी नियुक्त कर दिए गए हैं। ये चुनाव अधिकारी ही पहले बूथ, फिर शक्ति केंद्र और फिर मंडलों में चुनाव कराएंगे। सबसे पहले बूथ कमेटियों का चुनाव होगा। इसकी प्रक्रिया 20 नवंबर से प्रारंभ होगी। पहले दो दिनों तक मंडलों में कार्यशाला होगी, इसमें बूथ और शक्ति केंद्रों के अध्यक्षों और पदाधिकारियों को बुलाकर चुनाव की प्रक्रिया के बारे में बताया जाएगा। इसके बाद 22 नवंबर से बूथों में कमेटियां बनाने का काम प्रारंभ होगा, लेकिन इस चुनाव के लिए यह जरूरी है कि बूथ में कम से कम भाजपा के 50 सदस्य होने चाहिए। जिन बूथों में 50 से कम सदस्य होंगे, वहां पर बूथ कमेटियों का चुनाव नहीं हो सकेगा।

भाजपा का राष्ट्रीय स्तर के साथ प्रदेश में भी इस समय सदस्यता अभियान चल रहा है। इस अभियान को 15 नवंबर को समाप्त था, लेकिन अभी यह अभियान चल रहा है। इसी के साथ अब 20 नवंबर से संगठन चुनाव की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर रहे हैं। इसको लेकर राष्ट्रीय संगठन ने जहां राष्ट्रीय स्तर पर चुनाव अधिकारी तय कर दिया है, वहीं सभी राज्यों राज्य स्तर के साथ जिला स्तर और मंडलों में भी चुनाव अधिकारी बना दिए गए हैं।

### बूथ कमेटियों में होंगे 25 सदस्य

भाजपा के प्रदेश संगठन के लिए सबसे पहले बूथ स्तर पर चुनाव होगा। प्रदेश में करीब 25 हजार बूथ हैं। भाजपा ने सदस्यता अभियान में हर बूथ में 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। लेकिन दिल्ली में जो सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक हुई उसमें यह बात सामने आई है कि प्रदेश में सैकड़ों बूथ ऐसे हैं जहां पर 50 से भी कम सदस्य बने हैं। ऐसे बूथों में बूथ कमेटियों का चुनाव ही नहीं हो सकेंगे। भाजपा के पदाधिकारियों का कहना है कि प्रदेश में कई बूथ ऐसे हैं जहां पर मतदाताओं की संख्या बहुत कम है। ऐसे बूथों को छोड़कर ज्यादा संख्या वाले बूथों में हर हाल में सदस्यता अभियान समाप्त होने से पहले 50 सदस्य बनाने के लिए कहा गया है। कई बूथों में 50 से ज्यादा सदस्य बन भी गए हैं। लेकिन जहां पर सदस्यता अभियान के बाद भी 50 सदस्य नहीं बन पाएंगे उन बूथों में चुनाव नहीं होगा। बूथों में चुनाव के लिए 20 से 30 नवंबर की समय सीमा तय की गई है। हर बूथ कमेटी में 25 सदस्य होंगे। इसके बाद मंडल और फिर जिलों में चुनाव होंगे। अंत में प्रदेशाध्यक्ष का फैसला होगा। सभी राज्यों में प्रदेश संगठन के चुनाव के बाद अगले साल जनवरी में राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा।

### सिंधी साहित्यकार शिव ग्वालानी का सम्मान

**रायपुर।** श्री झूलेलाल धाम में रविवार को छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत की कार्यकारिणी की बैठक हुई, जिसमें साहित्यकार शिव ग्वालानी का सिंधी-हिंदू विभाजन की त्रासदी पर लिखे उनके उपन्यास के लिए सम्मान किया गया। इसी दौरान लेखक श्री ग्वालानी ने कहा कि सिंधी बच्चों को विभाजन की विभीषिका से अवगत कराना बहुत जरूरी है।

**निगम कर्मियों ने गठित की कार्यकारी समिति : रायपुर।** नगर निगम के अधिकारियों-कर्मचारियों ने मिलकर कार्यकारी समिति का गठन किया है, जिसका अध्यक्ष प्रमोद जाधव को बनाया गया है। यह समिति अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मांगों और समस्याओं का निराकरण कराने तथा हित में काम करेगी। नवगठित समिति जल्द ही अपनी मांगों एवं समस्याओं को लेकर नगर निगम कमिश्नर, महापौर एवं नेता प्रतिपक्ष से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपेगी।




# कोरबा में कारोबारी, इंटक नेता के घर सीबीआई का छापा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कोरबा स्थित एसईसीएल के खदान क्षेत्र में अपात्र लोगों को मुआवजा दिलवाने के आरोप में सीबीआई ने सोमवार को इंटक के श्रमिक नेता तथा एक कारोबारी के घर तथा ऑफिस में छापे की कार्रवाई की है। छापे की कार्रवाई तड़के छह बजे शुरू करने की बात सामने आई है।

सीबीआई ने हरदी बाजार निवासी श्रमिक नेता श्यामू (खुशाल) जायसवाल तथा दीपका निवासी राजेश जायसवाल के कटघोरा स्थित मकान में छापे की कार्रवाई की है। छापे की कार्रवाई करने पहुंची टीम द्वारा दस्तावेजों के साथ संबंधित लोगों से लंबी पूछताछ करने की जानकारी सूत्रों ने दी है। सीबीआई की टीम कड़ी सुरक्षा के बीच दोनों जगहों पर छापे की कार्रवाई करने पहुंची।

### अपात्र लोगों को मुआवजा दिलवाने का आरोप

श्रमिक नेता तथा कारोबारी द्वारा साठ-गांठ कर एसईसीएल के खदान क्षेत्र में प्रभावितों की जगह अपने लोगों को बड़े पैमाने पर मुआवजा दिलवाने का आरोप है। इसके साथ ही पात्र लोगों को मुआवजा से वंचित करने के साथ कम मुआवजा दिलवाने का आरोप है। प्रभावित लोगों की शिकायत के बाद मामले की जांच सीबीआई कर रही है। इसी वजह से सीबीआई की टीम श्रमिक नेता तथा कारोबारी के यहां छापे की कार्रवाई करने पहुंची। मुआवजा वितरण मामले में सीबीआई आने वाले दिनों में एसईसीएल से जुड़े अफसर तथा गलत तरीके से मुआवजा लेने वालों पर शिकंजा कसने के साथ उनसे पूछताछ कर सकती है।
















विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

